File No.37-2099/138/2022- -Z-

संख्या–1658 / सैंतीस–2–2022

प्रेषक,

लुटावन राम,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र,
पशुपालन विभाग, उ0प्र0।

पशुधन अनुभाग–2 लखनऊ :: दिनांक 30 अगस्त, 2022

विषयः–प्रदेश में Lumpy Skin Disease (LSD) के रोकथाम हेतु किये जा रहे कार्यो के सघन अनुश्रवण हेतु मण्डलीय नोडल अधिकारियों का दिनांक 29.08.2022 से दिनांक 03.09.2022 के मध्य भ्रमण कार्यक्रम के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–1624 / सैंतीस–2–2022–1(5) / 2022, दिनांक 26.08.2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. शासन के उक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से LSD बीमारी की रोकथाम हेतु किये जा रहे कार्यो का सघन अनुश्रवण हेतु मण्डलीय नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं। नामित नोडल अधिकारियों को दिनांक 29.08.2022 से दिनांक 03.09.2022 तक आवंटित मण्डलों में प्रवास करने के निर्देश दिये गये हैं।

3. नामित नोडल अधिकारियों की सूची के क्रमांक–2 पर श्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, विशेष सचिव, पशुधन विभाग, उ0प्र0 शासन को अलीगढ़ मण्डल हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया है। शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त शासकीय कार्यहित के दृष्टिगत विशेष सचिव श्री पाण्डेय का भ्रमण कार्यक्रम दिनांक 31.08.2022 तक सीमित करते हुए उनके स्थान पर श्री दिनेश कुमार सिंह, उप निदेशक, प्रशासन, पशुपालन निदेशालय लखनऊ को अलीगढ़ मण्डल हेतु नोडल अधिकारी नामित किये जाने का निर्णय लिया गया है। श्री सिंह दिनांक 31.08.2022 को सायंकाल आवंटित मण्डल में उपस्थित होकर दिनांक 03.09.2022 तक मण्डल में प्रवास करते हुए उक्त बीमारी की रोकथाम हेतु किये जा रहे कार्यो का सघन अनुश्रवण सुनिश्चित करेंगे।

4. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

PA / स्थान

भवदीय,

Signed by लुटावन राम
Date: 30-08-2022 17:04:13
Reason: Approved
( लुटावन राम )
विशेष सचिव।

संख्या–1658(1) / सैंतीस–2–2022तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) निजी सचिव, विशेष सचिव, पशुधन विभाग, उ0प्र0 शासन।
(2) श्री दिनेश कुमार सिंह, उप निदेशक प्रशासन, पशुपालन निदेशालय, लखनऊ।

आज्ञा से,

( विनोद कुमार द्विवेदी )
अनु सचिव।